## गुस्ताखी माफ

सुनकर बांछें खिल गईं, स्वप्न हुआ साकार।
दिल अब मारे खुशी के, रहा छलांगें मार।
रहा छलांगें मार, हो रहा पूरा सपना।
आगे खाली नहीं, रहेगा खाता अपना।
कह साहिल कविराय, गुजारे हैं दिन गिनकर।
चार साल के बाद, खिल उठा दिल यह सुनकर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 167 | WEDNESDAY 24-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# रियल एस्टेट कारोबार में राजनीतिक नजदीकियों वाले डीलरों का दबदबा

## अपने मार्जिन के लालच में कई प्रोजेक्ट फंसा डाले, रेरा नियमों के बावजूद प्री-लॉन्च के नाम पर बिना अप्रूवल बिक रहे प्लॉट और फ्लैट

लुधियाना/यूटर्न । रियल एस्टेट कारोबार में पिछले कुछ समय से कुछ चुनिंदा डीलर एग्रीगेटरों का बढ़ता दखल अब पूरे सेक्टर के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है। शहर के प्रॉपर्टी बाजार में चर्चा है कि कुछ डीलरों द्वारा 'टोपी का खेल' वाला फंडा अपनाकर एक डेवलपर की जमीन दूसरे को और दूसरे की जमीन तीसरे को आगे बेचने का खेल चलाया जा रहा है। इस पूरे खेल में डीलर अपना मार्जन निकाल कर साइड हो जाते हैं,जबकि डेवलपर्स,जमीन मालिक और निवेशक बीच में फंस जाते हैं।

सबसे बड़ा सवाल विभागीय अधिकारियों की निगरानी और इंटेलिजेंस पर भी खड़ा हो रहा है। रेरा नियमों के बावजूद शहर में कई जगह प्री-लॉन्च के नाम पर बिना अप्रूवल नक्शों पर प्लॉट और फ्लैट आगे से आगे बेचे जा रहे हैं। एक ही प्रोजेक्ट की बुकिंग कई हाथों में घूम रही है। न तो नक्शों की पूरी मंजूरी होती है और न ही खरीदारों को जमीन, लाइसेंस, अप्रूवल और रेरा रजिस्ट्रेशन की स्पष्ट जानकारी दी जाती है। ऐसे में यह पूरा मॉडल रियल एस्टेट निवेशकों के लिए बड़े स्कैम का रूप ले सकता है।




### राजनीतिक नजदीकियों का भी असर

*चर्चा है कि कुछ डीलर खुद को प्रभावशाली राजनेताओं का करीबी बताकर बाजार में दबदबा बनाए हुए हैं। इसी नाम के सहारे वे डेवलपर्स, जमीन मालिकों और निवेशकों पर प्रभाव डालते हैं। जब पेमेंट या प्रोजेक्ट अटकते हैं, तो ये डीलर फोन उठाना बंद कर देते हैं। कई पीड़ित लोग अब शरारती डीलरों के घरों और दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। फिलहाल रियल एस्टेट सेक्टर इस नए एग्रीगेटर मॉडल, प्री-लॉन्च बिक्री और बिना अप्रूवल नक्शों के खेल से जूझ रहा है। सवाल यह है कि विभागीय अधिकारी अब भी आंखें मूंदे रहेंगे या फिर समय रहते ऐसे सौदों और डीलर नेटवर्क की जांच कर खरीदारों, डेवलपर्स और जमीन मालिकों को राहत देंगे।*

### बड़े ख्वाब दिखाकर शुरू होता है खेल

चर्चा है कि कुछ डीलर पहले डेवलपर्स को बड़े प्रोजेक्ट और भारी मुनाफे के सपने दिखाते हैं। उन्हें ज्यादा जमीन खरीदकर कॉलोनी या टाउनशिप डेवलप करने का लालच दिया जाता है। दूसरी ओर वही जमीन अधूरी दिल के साथ ही डेवलपर को मार्जिन दिखा आगे अन्य डेवलपर को बेच दी जाती है। इसी चक्कर में सभी पक्ष डीलरों के नेटवर्क में फंस जाते हैं। सौदा होने के बाद डीलर अपना मार्जन निकाल लेते हैं, लेकिन प्रोजेक्ट, पेमेंट और अप्रूवल की जिम्मेदारी डेवलपर और जमीन मालिकों पर आ जाती है।

### कमीशन की जगह प्रति एकड़ मार्जन


पहले जहां प्रॉपर्टी डीलर सामान्य कमीशन पर काम करते थे, वहीं अब कुछ शातिर डीलरों द्वारा प्रति एकड़ मार्जन तय किया जा रहा है। जो डेवलपर 20 से 30 एकड़ जमीन डेवलप करने की क्षमता रखता है, उसे 100 से 200 एकड़ तक जमीन लेने के लिए तैयार कर दिया जाता है। शुरुआत में डिवैल्पर को प्रोत्साहित करने के लिए बिना प्री लांच के नाम पर ही कुछ प्लॉट निवेशक को उठवा दिए जाते है, लेकिन बाद में न तो खरीदारों को स्पष्ट दस्तावेज मिलते हैं और न ही जमीन मालिकों को पूरी पेमेंट।


# 90 करोड़ के साइकिल टेंडर पर घमासान, सीए सर्टिफिकेट में 'कम्प्लीट बाइसाइकिल सेल' गायब

## टेंडर फार्म में 3 साल की साइकिल बिक्री का टर्नओवर की जगह लगाया कुल टर्नओवर का प्रमाण

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। दिल्ली सरकार के करीब 90 करोड़ रुपये के साइकिल टेंडर को लेकर लुधियाना की साइकिल इंडस्ट्री में हलचल तेज हो गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से निकाले गए इस टेंडर में माटा स्पोर्ट्स करीब 90.44 करोड़ रुपये की बोली के साथ एल-1 रही है। इस टेंडर में एवन साइकिल और हीरो इकोटेक जैसी देश की नामी कंपनियां अनुभव के बावजूद केवल एल-2 और एल-3 बन कर रह गई भी शामिल थीं, लेकिन एक स्पोर्ट्स गुड्स डीलर के तौर पर चर्चित माटा स्पोर्ट्स के एल-1 आने से उद्योग जगत में कई सवाल खड़े हो गए हैं।

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि इतना बड़ा साइकिल सप्लाई ऑर्डर केवल कम रेट के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। इसके लिए साइकिल कारोबार का वास्तविक अनुभव, उत्पादन या सप्लाई क्षमता, सर्विस नेटवर्क, गारंटी-वारंटी व्यवस्था और पिछले वर्षों में complete bicycles की बिक्री का स्पष्ट रिकॉर्ड होना बेहद जरूरी है। उनका कहना है कि हजारों की संख्या में साइकिलों की सप्लाई के बाद अगर टूट-फूट, टायर फटने, पार्ट खराब होने या सर्विस से जुड़ी समस्या आती है तो उसकी जिम्मेदारी तय करने के लिए मजबूत सिस्टम होना चाहिए। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा विवाद टेंडर फार्म और माटा स्पोर्ट्स की ओर से लगाए गए सीए सर्टिफिकेट के बीच दिख रहे अंतर को लेकर है।



CHANDAR PRAKASH, FCA
CHARTERED ACCOUNTANTS

CHANDAR VIJAY & ASSO
WZ-991, Rani Bagh, Delhi-110
Ph.: 011-47050175, 011-404507
9811157353
E-mail: cvguptassociates@gmail

TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN

I have examined the Balance Sheet of M/s **Matta Sports**, situated at 950, Rani Bagh, Delhi - 110034 as well as relevant records as produced before me for my examination and hereby certify that total turnover of M/s Matta Sports is as under:


| S. No. | Financial Year | Turnover Amount (in Rs.) |
|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 6,18,04,602/- |
| 2. | 2021-22 | 16,97,03,025/- |
| 3. | 2022-23 | 23,41,01,548/- |
| 4. | 2023-24 | 30,94,18,813/- |
| 5. | 2024-25 | 40,16,75,371/- |

This certificate is being issued at the request of M/s Matta Sports for submission of Tender for sports & ancillary goods and on the basis of information & explanation given to me without admitting any liability or duty of care for any other purpose or to any other person to whom this certificate is shown or into whose hands it may come save where expressly agreed by our prior consent in writing.

For Chandar Vijay & Associates
Chartered Accountants
Firm registration no: 017148N

(Chandar Prakash)
Proprietor
M. No. 098292

Place: Delhi
Date: 30.10.2025
UDIN: 25098292BMOZTD2830



Form 3: Financial Capacity of the Bidder - Annual Turnover of Last 3 Financial Years

(On the letterhead of a qualified Chartered Accountant)

Dated:................................

Certificate of Financial Capacity

We certify that M/s .................................,(Name of the Bidder) which is a company registered under the Companies Act, 1956, as per its audited books of accounts, has the following Annual Turn Over in the last three financial years from sale of complete bicycles:

| Financial Year | Annual Turn Over (Rs. in Cr) |
|---|---|
| 2022 – 23 | |
| 2023 – 24 | |
| 2024 – 25 | |

We certify that M/s .................................,(Name of the OEM) which is a company registered under the Companies Act, 1956, as per its audited books of accounts, has the following Annual Turn Over in the last three financial years from sale of complete bicycles:

| Financial Year | Annual Turn Over (Rs. in Cr) |
|---|---|
| 2022 – 23 | |
| 2023 – 24 | |
| 2024 – 25 | |

We further certify that the said Annual Turn Over has been calculated in accordance with the Bidding Documents.

Name of Chartered Accountant along with Registration Number:

Seal of Chartered Accountant:

UDIN Number:

### जांच की मांग क्यों

इंडस्ट्री का कहना है कि इतनी बड़ी सप्लाई में अनुभव, सर्विस नेटवर्क, गारंटी-वारंटी और वास्तविक साइकिल बिक्री का रिकॉर्ड बेहद अहम है। केवल कुल टर्नओवर के आधार पर पात्रता तय करना विवाद को जन्म दे रहा है। इंडस्ट्री प्रतिनिधियों का आरोप है कि टेंडर में मांगी गई शर्तों के मुकाबले दस्तावेजों में पूरी स्पष्टता नहीं है। अगर टर्नओवर साइकिल बिक्री का नहीं है और उसमें स्पोर्ट्स गुड्स या अन्य सामान की बिक्री शामिल है, तो यह सरकार को गुमराह करने जैसा मामला बन सकता है। उद्योग जगत ने मांग की है कि माटा स्पोर्ट्स के सीए सर्टिफिकेट, complete bicycles की वास्तविक सेल, डएट की भूमिका, सप्लाई क्षमता, गारंटी-वारंटी व्यवस्था और टेंडर पात्रता दस्तावेजों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। इंडस्ट्री का कहना है कि अगर दस्तावेजों में अंतर या अस्पष्टता मिलती है तो टेंडर प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए, ताकि सरकारी खरीद में पारदर्शिता बनी रहे।

### इंडस्ट्री ने उठाए पारदर्शिता पर सवाल

#### टेंडर फार्म में क्या मांगा गया था

Form 3 में पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में complete bicycles की sale से annual turnover मांगा गया था। इसमें bidder और डएट दोनों का अलग-अलग विवरण मांगा गया था।

### सीए सर्टिफिकेट में क्या दिया गया

माटा स्पोर्ट्स के सीए सर्टिफिकेट में 2020-21 से 2024-25 तक केवल total turnover दिया गया है। इसमें complete bicycles की sale का अलग से उल्लेख नहीं है।

### माटा स्पोर्ट्स का दशार्या गया टर्नओवर

2022-23: 23,41,01,548 रुपये
2023-24: 30,94,18,813 रुपये
2024-25: 40,16,75,371 रुपये

### इंडस्ट्री का बड़ा सवाल


जब टेंडर साइकिल सप्लाई से जुड़ा है तो सर्टिफिकेट में साइकिल सेल का स्पष्ट रिकॉर्ड क्यों नहीं दिखाया गया। यही अंतर अब विवाद और जांच की मांग का आधार बन रहा है।

# व्हाइट स्माइल का सच: ट्रेंड्स नहीं, टेक्नीक बचाएगी आपके दांत

## दांतों की दुनिया में बदलते ट्रेंड्स: डॉ. प्रीति वोहरा और डॉ. अक्षय वोहरा से खास बातचीत



आज की तेज-रफ्तार जिंदगी में जहां लाइफस्टाइल बदल रही है, वहीं दांतों की सेहत को लेकर लोगों की सोच भी लगातार बदलती जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे टूथपेस्ट ट्रेंड्स, इंस्टेंट व्हाइटनिंग हैक्स और वॉटर फ्लॉसिंग जैसे नए-नए तरीकों के बीच आम लोगों के मन में कई सवाल हैं—क्या सच में ये तरीके असरदार हैं या सिर्फ मार्केटिंग का हिस्सा? इन्हीं सवालों को लेकर 'ख्वाब से पहचान तक' एपिसोड में मशहूर डेंटिस्ट कपल डॉ. प्रीति वोहरा और डॉ. अक्षय वोहरा ने दांतों की देखभाल से जुड़े कई अहम पहलुओं पर खुलकर बातचीत की। डॉ. प्रीति वोहरा, जिनका परिवार तीन पीढ़ियों से डेंटिस्ट्री से जुड़ा है, कहती हैं कि दांतों की सही देखभाल सिर्फ ट्रेंड्स से नहीं बल्कि सही जानकारी और नियमित आदतों से होती है। वहीं डॉ. अक्षय वोहरा के अनुसार, 'ब्रशिंग टेक्नीक और नियमित देखभाल किसी भी महंगे प्रोडक्ट से ज्यादा जरूरी है।



### आपका प्रोफेशनल सफर कैसे शुरू हुआ?

- डॉ. अक्षय वोहरा: मैं तीसरी पीढ़ी का डेंटिस्ट हूं। मेरे परिवार में लंबे समय से डेंटल प्रैक्टिस चल रही है, इसलिए यह मेरे लिए एक प्राकृतिक करियर था।
- डॉ. प्रीति वोहरा: मैं शुरू से ही डॉक्टर बनना चाहती थी। मेरे परिवार में भी मेडिकल बैकग्राउंड रहा है। डेंटिस्ट्री मुझे पढ़ाई के दौरान बहुत पसंद आई और धीरे-धीरे यह मेरा पैशन बन गई।



### क्या आपको लगता है कि डेंटल ट्रेंड्स सही दिशा में जा रहे हैं?

- डॉ. प्रीति वोहरा: आजकल सोशल मीडिया पर कई तरह के टूथपेस्ट और इंस्टेंट व्हाइटनिंग प्रोडक्ट्स वायरल हो रहे हैं। ये ज्यादातर मार्केटिंग स्ट्रेटजी हैं। ये आपके दांतों को सिर्फ ऑप्टिकल ब्राइटनेस दे सकते हैं, असल में अंदर से कोई सुधार नहीं करते। बार-बार इस्तेमाल करने से एनामेल डैमेज और सेंसिटिविटी हो सकती है।

### क्या व्हाइटनिंग, चारकोल या पर्पल टूथपेस्ट रोज इस्तेमाल करने चाहिए?

- डॉ. प्रीति वोहरा: बिल्कुल नहीं। इन्हें कभी-कभार इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन रोजाना नहीं।
- डॉ. अक्षय वोहरा: असली क्लीनिंग ब्रशिंग तकनीक से होती है, न कि ऐसे प्रोडक्ट्स से। सही ब्रश और सही तरीका ज्यादा जरूरी है।

### बच्चों और बड़ों के टूथपेस्ट में क्या अंतर होता है?

- डॉ. अक्षय वोहरा: बच्चों के टूथपेस्ट में फ्लोराइड की मात्रा कम होती है, क्योंकि बच्चे अक्सर इसे निगल लेते हैं।
- डॉ. प्रीति वोहरा: इसलिए बच्चों और बड़ों का टूथपेस्ट अलग होता है। बच्चों को दांत साफ करना एक गेम की तरह सिखाना चाहिए, ताकि वे इसे बोझ न समझें।

### क्या दिन में दो बार ब्रश करना पर्याप्त है?

- डॉ. अक्षय वोहरा: दिन में तीन बार ब्रश करना बेहतर है, खासकर हर मील के बाद। इससे बैक्टीरिया और कैविटी का खतरा कम होता है।
- डॉ. प्रीति वोहरा: लेकिन एक जरूरी बात यह है कि खाना खाने के तुरंत बाद ब्रश नहीं करना चाहिए। कम से कम 15झ्र20 मिनट का अंतर जरूरी है, क्योंकि उस समय मुंह में एसिड एक्टिव रहता है।

### क्या वाटर फ्लॉसिंग जरूरी है या यह सिर्फ एक ट्रेंड है?

- डॉ. प्रीति वोहरा: वाटर फ्लॉसर बहुत ही प्रभावी और आसान तरीका है। यह उन जगहों को साफ करता है जहां ब्रश नहीं पहुंच पाता।
- डॉ. अक्षय वोहरा: आजकल हम हर मरीज को इसकी सलाह देते हैं क्योंकि यह ओरल हाइजीन को बेहतर बनाता है।

### वेपिंग (Vaping) दांतों पर कितना असर डालती है?

- डॉ. प्रीति वोहरा: वेपिंग बहुत नुकसानदायक है। इससे दांत पीले पड़ते हैं, मसूड़ों में समस्या होती है और लंबे समय में ओरल टिशू डैमेज हो सकता है।
- डॉ. अक्षय वोहरा: लोग इसे सिर्फ फ्लेवर वाला स्मोकिंग समझते हैं, लेकिन इसका असर सिगरेट जैसा ही होता है।

### दांतों की देखभाल का सबसे महत्वपूर्ण नियम क्या है?

- डॉ. अक्षय वोहरा: सही ब्रशिंग तकनीक सबसे जरूरी है, न कि महंगा टूथपेस्ट।
- डॉ. प्रीति वोहरा: हर व्यक्ति की जरूरत अलग होती है, इसलिए डेंटिस्ट से सलाह लेना जरूरी है। ब्रशिंग, फ्लॉसिंग और रेगुलर चेकअप—ये तीन चीजें दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखती हैं।

निष्कर्ष: डॉ. प्रीति और डॉ. अक्षय वोहरा का साफ संदेश है कि दांतों की सेहत किसी ट्रेंड या महंगे प्रोडक्ट पर नहीं बल्कि सही आदतों पर निर्भर करती है। ब्रशिंग, फ्लॉसिंग और जागरूकता—यही असली डेंटल केयर की नींव है। आज के युवाओं के लिए यह जरूरी है कि वे सोशल मीडिया के दावों पर आंख बंद करके भरोसा न करें, बल्कि विशेषज्ञों की सलाह को अपनाएं।

# 657 करोड़ के बैंक घोटाले में एक और IAS गिरफ्तार

## CBI ने 2000 बैच के अधिकारी पंकज अग्रवाल को पकड़ा, आठ IAS जांच के दायरे में

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) ने 657 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में एक और IAS अधिकारी को गिरफ़्तार किया है। CBI सूत्रों के अनुसार, 2000 बैच के IAS अधिकारी पंकज अग्रवाल को सोमवार रात गिरफ़्तार किया गया। राम कुमार सिंह के बाद गिरफ़्तार होने वाले वे दूसरे IAS अधिकारी हैं। इस घोटाले में IDFC फर्स्ट बैंक और




अव स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने IAS अधिकारियों समेत सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर हरियाणा सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों के बैंक खातों से पैसे निकाले। CBI ने नुकसान की रकम 657 करोड़ रुपये बताई है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ED), जो इस घोटाले की जांच कर रहा है, नुकसान 645 करोड़ रुपये का बता रहा है।

**पंकज अग्रवाल की भूमिका...**पंकज अग्रवाल की भूमिका कृषि और किसान कल्याण विभाग के प्रशासनिक सचिव के तौर पर उनके कार्यकाल से जुड़ी है। चंडीगढ़ के सेक्टर 32 में IDFC फर्स्ट बैंक में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खाते से कुल 10 करोड़ रुपये निकाले गए। यह खाता 'कृषि विपणन विकास कोष' के नाम से था। कुल 9.75 करोड़ रुपये SRR प्लानिंग गुरुस लिमिटेड को और 25 लाख रुपये मन्नत कॉन्ट्रैक्टर्स को ट्रांसफर किए गए। ये दोनों शेल फर्में (फर्जी कंपनियां) हैं और सरकारी फंड निकालने के लिए बनाई गई थीं। इस घोटाले में आठ IAS अधिकारी जांच के दायरे में हैं। उनमें से दो को गिरफ़्तार किया जा चुका है। बाकी अधिकारियों में मोहम्मद शाइन, मणि राम शर्मा, प्रदीप कुमार, विनीत गर्ग, साकेत कुमार और DK बेहरा शामिल हैं। अग्रवाल का संबंध हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद से फंड निकालने के मामले से भी है। अग्रवाल स्कूल शिक्षा विभाग के भी प्रशासनिक सचिव थे। यहां से 50 करोड़ रुपये से ज्यादा निकाले गए। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड, दोनों के खाते अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान और वित्त विभाग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके खोले गए थे।

लुधियाना

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 बुधवार, 24 जून 2026



पेज 06 मनीमाजरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर...




# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी: गांव के इलाकों में हेल्थ सर्विस पर असर

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। पंजाब के हेल्थ डिपार्टमेंट के तहत गांव के इलाकों में काम करने वाले कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने अपनी हड़ताल को जारी रखते हुए 22 जून से सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन काम बंद कर दिए और पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए जिला अस्पतालों में इकट्ठा हुए।



## हो रहा है मानसिक और आर्थिक शोषण

हड़ताल कर रहे हैं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का कहना है कि डिपार्टमेंट और पंजाब सरकार को उनकी समस्याओं और मांगों के बारे में बार-बार बताया गया है, लेकिन सरकार और डिपार्टमेंट उनकी जायज मांगों और उनके हक को नजरअंदाज कर रहे हैं और उन पर काम का बोझ बढ़ा रहे हैं और उनका आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से वे कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं, लेकिन उनसे रेगुलर कर्मचारी से ज्यादा काम लिया जा रहा है। फैलने वाली और नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों की टेस्टिंग, ज्यादा खतरे वाली गर्भवती महिलाओं का फॉलो-अप, ग्रामीण इलाकों में हर महीने कैंप लगाना, कुदरती आफतों के दौरान सेहत सेवाएं देना और भी कई ऑफलाइन और ऑनलाइन काम उनसे करवाए जाते हैं।

## हर जिले में हो रहा है रोष प्रदर्शन

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स पंजाब राज्य के हर जिले में सिविल सर्जन ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी लंबे समय से पेंडिंग मांगों और अपने हक को पूरा करने के लिए ये विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पिछले कई सालों से पूरी लगन और ईमानदारी से गांव के इलाकों में हेल्थ सर्विस दे रहे हैं। उनकी ईमानदारी और कड़ी मेहनत की डिपार्टमेंट और सरकार कद्र नहीं कर रही थी, इसलिए उन्हें संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## दूसरे राज्यों से मिलते हैं ₹5000 कम

अगर उनकी मांगें जैसे बराबर काम, बराबर वेतन में बढ़ोतरी जो दूसरे राज्यों से 5000 रुपये कम है, नया इंसेंटिव परफॉर्मेंस वापस लेना, कैडर मंजूरी और रेगुलर करना, लॉयल्टी बोनस जारी करना, इंसेंटिव परफॉर्मेंस को सैलरी में मिलाना वगैरह पूरी नहीं हुई तो यह हड़ताल/संघर्ष 1 जुलाई तक जारी रहेगा और 2 जुलाई को मुख्यमंत्री के रिहायशी इलाके, संगरूर ज़िले में राज्य स्तरीय धरना दिया जाएगा। इस दौरान सेहत सेवाएं प्रभावित होंगी और मरीजों को कोई भी मुश्किल उठानी पड़ेगी, जिसके लिए विभाग और पंजाब सरकार ज़िम्मेदार होगी।

# रिटायर्ड डॉक्टरों से जुड़े संगठन जिलाधीश कार्यालय पर करेंगे रोष रैली





सहगल

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। पंजाब भर के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स की फाइनेंशियल और दूसरी लंबे समय से पेंडिंग मांगों और उन्हें पूरा करने के लिए जॉइंट एम्प्लॉइज फोरम पंजाब, पंजाब एम्प्लॉइज एंड पेंशनर्स फ्रंट के आह्वान और पेंशनर डॉक्टर्स एसोसिएशन पंजाब 24 जून को डिप्टी कमिश्नर ऑफिस के सामने बाकी एम्प्लॉइज और पेंशनर्स एसोसिएशन की तरफ से की गई रैलियों में हिस्सा लेंगे। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. डी. सी. शर्मा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. डी. एस. भुल्लर और जनरल सेक्रेटरी डॉ. सुरिंदर सिंगला तथा लुधियाना डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट डॉ. अविनाश जिंदल की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, पंजाब भर के पेंशनर डॉक्टर्स पंजाब सरकार के खिलाफ शुरू किए गए संघर्ष में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के साथ मिलकर तब तक संघर्ष में हिस्सा लेंगे, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। पेंशनर नेताओं के मुताबिक सरकार ने खुद ही कर्मचारियों और पेंशनर्स को संघर्ष के रास्ते पर जाने के लिए मजबूर किया है सीनियर सिटिजन पेंशनर्स के साथ फाइनेंशियल नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# मिशन क्लीन पंजाब को चुनौती, सुखना चो में फेंका जा रहा मेडिकल वेस्ट, कैमरों में कैद हुए कूड़ा फेंकने वाले, कार्रवाई की मांग

## स्वच्छता अभियान पर ग्रहण, सड़कों और नाले में डाला जा रहा कचरा

जीरकपुर /यूटर्न/23 जून। पंजाब सरकार के ऱमिशन क्लीन पंजाबऱ और नगर परिषद के ऱक्लीन एंड ग्रीन जीरकपुरऱ अभियान को कुछ गैर-जिम्मेदार लोग खुली चुनौती दे रहे हैं। शहर में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुई कुछ वीडियो ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

वीडियो में कुछ लोग वाहनों से आकर सड़क किनारे और खाली प्लॉटों में कूड़ा फेंकते दिखाई दे रहे हैं। सबसे गंभीर मामला सुखना चो के किनारे मेडिकल वेस्ट फेंके जाने का सामने आया है। वीडियो में कार सवार कुछ लोग दस्ताने पहनकर मेडिकल कचरे से भरे डिब्बे नाले के किनारे फेंकते नजर आ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों के



अनुसार मेडिकल वेस्ट में इस्तेमाल सुइयां, संक्रमित सामग्री और अन्य जैविक अवशेष हो सकते हैं, जो जल स्रोतों को प्रदूषित करने के साथ-साथ इंसानों और पशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। सुखना चो में इस प्रकार का कचरा फेंकना पर्यावरण संरक्षण नियमों का भी उल्लंघन माना जा रहा है।

शहरवासियों ने सवाल उठाया है कि जब नगर परिषद और प्रशासन सफाई व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, तब खुलेआम कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। लोगों का कहना है कि वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ जुमार्ना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि ऐसे लोगों पर समय रहते शिकंजा नहीं कसा गया तो सरकार की स्वच्छता मुहिम पर असर पड़ेगा और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के प्रयास कमजोर पड़ जाएंगे। अब लोगों की निगाहें नगर परिषद जीरकपुर और स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि कैमरों में कैद इन लोगों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

### लोगों की प्रमुख मांगें

- वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाए।
- मेडिकल वेस्ट फेंकने वालों पर एफआईआर दर्ज हो।
- सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी बढ़ाए जाएं।
- दोबारा कूड़ा फेंकने पर भारी जुमार्ने का प्रावधान लागू हो।

Uturn Time 24 June 2026_Layout 2 23-06-2026 23:00 Page 4



# हरियाणा में जमीन रजिस्ट्री का बड़ा बदलाव: अब रजिस्ट्री होते ही अपने आप होगा इंतकाल, घर बैठे डाउनलोड करें रिकॉर्ड




मोहाली/यूटर्न/23 जून। हरियाणा सरकार ने जमीन से जुड़े कामों को आसान बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 लॉन्च कर दिया है। अब लोगों को इंतकाल करवाने के लिए अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। नई व्यवस्था के तहत रजिस्ट्री पूरी होते ही इंतकाल अपने आप दर्ज हो जाएगा और उसका नंबर भी तुरंत मिल जाएगा। इतना ही नहीं, नागरिक अपने इंतकाल की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे और उसकी कॉपी घर बैठे डाउनलोड भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोगों को जमीन से जुड़े कामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था और कई बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नई डिजिटल व्यवस्था का मकसद लोगों का समय बचाना और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है। नई प्रणाली में आधार आधारित ई-केवाईसी, डिजिटल हस्ताक्षर, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और ऑनलाइन दस्तावेज जांच जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। नागरिक खुद, डीड राइटर, वकील या हेल्पडेस्क की मदद से पूरी प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। सरकार के अनुसार, जिन मामलों में अतिरिक्त प्रक्रिया की जरूरत नहीं होगी, उनमें 24 घंटे के भीतर इंतकाल मंजूर हो जाएगा, जबकि बाकी मामलों का निपटारा भी तय समय में किया जाएगा। सरकार का दावा है कि इस बदलाव से राजस्व सेवाएं पहले से ज्यादा तेज, आसान और भ्रष्टाचार मुक्त बनेंगी।

## 48 लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, खाते में आए थे 10 लाख रुपये

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/23 जून। पंचकूला पुलिस के साइबर क्राइम थाना की टीम ने 48.28 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में दूसरे आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 36 वर्षीय मोहम्मद इकबाल आरिफ के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर का निवासी है और हाल ही में गुजरात के सूरत में रह रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि ठगी की गई रकम में से 10 लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि पंचकूला निवासी एक व्यक्ति को उसकी सहमति के बिना स्टॉक मार्केट से जुड़े एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप के संचालकों ने उसे अधिक मुनाफे का लालच देकर एक कथित ट्रेडिंग एप्लीकेशन डाउनलोड करवाई। इसके बाद पीड़ित ने विभिन्न तिथियों पर कुल 48.28 लाख रुपये निवेश कर दिए।



पुलिस के अनुसार जब पीड़ित ने निवेश की गई राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो कथित जालसाजों ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया। धोखाधड़ी का संदेह होने पर पीड़ित ने अगस्त 2025 में साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच एएसआई बृजेश कुमार कर रहे हैं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में पहला आरोपी प्रिंस कुनाल, निवासी बिहार, पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया था कि उसने लालच में आकर अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध कराया था।

उन्होंने बताया कि अब पुलिस टीम ने दूसरे आरोपी मोहम्मद इकबाल आरिफ को फतेहपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश और ठगी गई राशि की बरामदगी के लिए हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्हाट्सएप ग्रुप, निवेश योजना या ट्रेडिंग ऐप के झांसे में न आएं और निवेश करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें।

## 76.80 लाख रुपये की रियल एस्टेट धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/23 जून। पंचकूला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा-1 ने रियल एस्टेट निवेश के नाम पर 76.80 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी भूषण मित्तल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर और मृत व्यक्ति के नाम से कथित जाली हस्ताक्षर कर निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। अदालत ने आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।





पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से राजस्थान का निवासी है और पिछले कुछ वर्षों से मोहाली में रह रहा था। इस संबंध में पंचकूला निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर 30 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-14 थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया जब उसकी अग्रिम जमानत याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई।

आर्थिक अपराध शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह ने बताया कि आरोपी भूषण मित्तल और उसकी पत्नी ने शिकायतकर्ता, उनकी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों को पीर मुछल्ला स्थित रॉयल एम्पायर परियोजना में सात फ्लैट दिखाकर निवेश पर बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाया था। आरोप है कि इसके बाद पीड़ितों से करीब 76.80 लाख रुपये बयाना राशि के रूप में नकद और ऑनलाइन माध्यम से लिए गए। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने कथित तौर पर कंपनी के जाली लेटरहेड पर फर्जी अलॉटमेंट लेटर और कब्जा पत्र तैयार कर पीड़ितों को दिए।

## सेक्टर-88 के पार्कों की बदहाली पर भड़कीं पार्षद गुरप्रीत कौर उभ्भा

### गमाडा अधिकारियों की कार्यशैली पर उठाए सवाल





मोहाली/यूटर्न/23 जून। मोहाली के सेक्टर-88 में पार्कों की खराब स्थिति और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर वार्ड नंबर-41 की पार्षद गुरप्रीत कौर उभ्भा ने गमाडा प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पार्कों की देखरेख न होने और सफाई व्यवस्था चरमराने से स्थानीय निवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

गुरप्रीत कौर उभ्भा ने बताया कि सेक्टर-88 के पार्कों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और कई स्थानों की स्थिति डंपिंग ग्राउंड जैसी बन चुकी है। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि सैनिटरी प्रबंधन पूरी तरह विफल नजर आ रहा है और संबंधित विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। पार्षद ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 10 दिनों से लगातार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें भेजी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि गमाडा के हॉर्टिकल्चर विभाग के एसडीओ पंकज से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन तक उठाना उचित नहीं समझा। इससे अधिकारियों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा कि सेक्टर-88 के निवासियों को स्वच्छ पार्क और साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते पार्कों की सफाई और रखरखाव के साथ-साथ क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसका असर लोगों के स्वास्थ्य और क्षेत्र की सुंदरता दोनों पर पड़ेगा। गुरप्रीत कौर उभ्भा ने गमाडा , स्थानीय प्रशासन और पंजाब सरकार से मांग की कि सेक्टर-88 के पार्कों तथा आसपास के क्षेत्रों की तत्काल सफाई करवाई जाए, नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिलना उनका अधिकार है तथा इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाकर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

चंड़ीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 बुधवार, 24 जून 2026


पेज 12 शिरोमणि अकाली दल ने गालिब सर्कल में फूंकी...

# ट्राइसिटी के कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, इमरजेंसी एग्जिट की कमी बनी चिंता

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे के बाद ट्राइसिटी के कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था चर्चा का विषय बन गई है। चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में हजारों छात्र प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों में पहुंचते हैं, लेकिन कई जगहों पर आपातकालीन निकासी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल सामने आ रहे हैं।

चंडीगढ़ के सेक्टर-34 को शिक्षा हब माना जाता है, जहां आईआईटी-जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले दर्जनों कोचिंग सेंटर संचालित हैं। इनमें बड़ी संख्या में संस्थान बहुमंजिला व्यावसायिक भवनों में चल रहे हैं। कई भवनों में कक्षाओं तक पहुंचने और बाहर निकलने के लिए केवल एक ही रास्ता उपलब्ध है।

छात्रों का कहना है कि अधिकांश कक्षाओं में प्रवेश और निकासी के लिए एक ही दरवाजे का उपयोग किया जाता है। उनका मानना है कि आग, शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य आपात स्थिति में यह व्यवस्था जोखिमपूर्ण साबित हो सकती है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने अब तक किसी आपदा प्रबंधन अभ्यास या मॉक ड्रिल में हिस्सा नहीं लिया है। इसी तरह पंचकूला के सेक्टर-15 समेत अन्य क्षेत्रों में भी कई कोचिंग संस्थान ऐसी इमारतों में संचालित हो रहे हैं, जहां इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्था सीमित या अनुपस्थित बताई जा रही है। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी संख्या में छात्रों वाले संस्थानों में अतिरिक्त निकासी मार्ग और नियमित सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य होने चाहिए।



## भवनों की संरचना भी चुनौती

कोचिंग संचालकों का कहना है कि कई व्यावसायिक भवनों की संरचना ऐसी है, जहां अलग इमरजेंसी एग्जिट बनाना आसान नहीं है। कुछ संचालकों ने स्वीकार किया कि यह समस्या केवल कोचिंग संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई कमर्शियल इमारतों में मौजूद है। उन्होंने भवन सुरक्षा मानकों की समीक्षा की आवश्यकता जताई।

## फायर विभाग ने बढ़ाई निगरानी

चंडीगढ़ फायर विभाग के अधिकारियों के अनुसार कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। विभाग समय-समय पर निरीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करता है ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। वहीं पंचकूला फायर विभाग का कहना है कि जिन संस्थानों को विभाग की एनओसी जारी की गई है, उनमें निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। इसके बावजूद अधिकारियों का मानना है कि समय-समय पर व्यापक जांच जरूरी है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को पहले ही दूर किया जा सके।

**हादसे के बाद बढ़ी चिंता....**लखनऊ की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या ट्राइसिटी के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की पर्याप्त समीक्षा हो रही है। बड़ी संख्या में छात्र प्रतिदिन इन संस्थानों में समय बिताते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच और आवश्यक सुधार को लेकर प्रशासन, फायर विभाग और संस्थान संचालकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# CM भगवंत मान के कथित वीडियो मामले में नया मोड़: गुरुग्राम में FIR, फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार कराने के आरोप

चंडीगढ़/गुरुग्राम/यूटर्न/23 जून। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित विवादित वीडियो मामले में नया मोड़ आ गया है। गुरुग्राम में दर्ज एक एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वीडियो को लेकर एक फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने की कोशिश की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जींद निवासी अंकित और सिरसा निवासी अरुण महेंद्रू समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर साइबर और फोरेंसिक क्षेत्र से जुड़े जसप्रीत उर्फ जस्सी की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि उसे मुख्यमंत्री से संबंधित विवादित वीडियो के विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। जांच के दौरान उसने कथित तौर पर पाया कि वीडियो की गुणवत्ता ऐसी नहीं थी कि उसके आधार पर कोई वैज्ञानिक और निर्णायक निष्कर्ष निकाला जा सके।



शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसकी राय के विपरीत फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार कराने के लिए उस पर दबाव बनाया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि उसे और उसके परिवार को सुरक्षा संबंधी खतरा महसूस हो रहा है, जिसके चलते उसने हरियाणा पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

**वीडियो विवाद की पृष्ठभूमि....**यह मामला अक्टूबर 2025 में उस समय चर्चा में आया था, जब कनाडा निवासी एनआरआई जगमनदीप सिंह समरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था। वीडियो में मुख्यमंत्री भगवंत मान जैसे दिखने वाले व्यक्ति को सिख गुरुओं की तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक हरकत करते हुए दिखाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी ने इसे एआई आधारित डीपफेक और फर्जी करार दिया था। बाद में यह मामला धार्मिक और राजनीतिक स्तर पर भी चर्चा का विषय बना। वीडियो की सत्यता की जांच के लिए विभिन्न फोरेंसिक लैब्स से रिपोर्ट मांगी गई थीं।

# कौशल्या डैम में दलदल बना खतरा, 12 वर्षीय बच्ची फंसी; समय रहते किया गया रेस्क्यू

अजीत झा

पंचकुला/यूटर्न/23 जून। कौशल्या डैम के सूखने के बाद जहां पर्यावरणीय समस्याएं सामने आ रही हैं, वहीं अब सुरक्षा संबंधी खतरे भी बढ़ने लगे हैं। रविवार को डैम क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्ची दलदली हिस्से में फंस गई, जिसे स्थानीय लोगों और डैम कर्मचारियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डैम के आसपास रहने वाले मजदूर परिवारों के कुछ बच्चे सूखे डैम क्षेत्र में मछलियां पकड़ने गए थे। इसी दौरान एक बच्ची डैम के भीतर बने दलदली क्षेत्र में पहुंच गई और उसका पैर गहरे कीचड़ में धंस गया। काफी प्रयासों के बावजूद वह खुद बाहर नहीं निकल सकी।



बच्ची के फंसने की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने सहायता के लिए आवाज लगाई। इसके बाद डैम कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में बच्ची को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

इस घटना ने सूखे डैम क्षेत्र में मौजूद सुरक्षा खामियों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी सूखने के बाद डैम के कई हिस्सों में गहरा दलदल बन गया है, जो अनजान लोगों और बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। उधर, डैम में पानी समाप्त होने के कारण बड़ी संख्या में मछलियों के मरने की भी खबर है। कई स्थानों पर मरी हुई मछलियां खुले में पड़ी हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बदबू के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मरी हुई मछलियों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए और डैम के संवेदनशील व दलदली क्षेत्रों के आसपास चेतावनी बोर्ड तथा बैरिकेडिंग लगाई जाए। उनका कहना है कि इस समय रहते बच्ची को बचा लिया गया, लेकिन सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में गंभीर हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जीएमसीएच-32 एमटीएस/वार्ड अटेंडेंट यूनियन चुनाव में दिनेश रावत बने प्रधान, 32 वोटों से दर्ज की जीत



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। जीएमसीएच सेक्टर-32 में एमटीएस/वार्ड अटेंडेंट कांट्रैक्टर वर्कर यूनियन के प्रधान पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव में दिनेश रावत ने अपने प्रतिद्वंद्वी सतनाम सिंह को 32 वोटों के अंतर से पराजित कर प्रधान पद पर जीत हासिल की।

चुनाव में प्रधान पद के लिए दिनेश रावत और सतनाम सिंह के नेतृत्व वाले दो पैनल मैदान में थे। दोनों पक्षों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कुल 476 वर्करों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में दिनेश रावत की टीम को 254 वोट मिले, जबकि सतनाम सिंह की टीम को 222 वोट प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद दोनों पक्षों के समर्थकों ने लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए एक-दूसरे का स्वागत और सम्मान किया। यूनियन सदस्यों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हितों, कल्याण और अधिकारों के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प भी लिया। चुनाव प्रक्रिया चंडीगढ़ पुलिस की निगरानी में संपन्न हुई। मतदान के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

नवनिर्वाचित प्रधान दिनेश रावत ने जीत के बाद सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता यूनियन के सभी सदस्यों की समस्याओं को उठाना तथा एमटीएस और वार्ड अटेंडेंट कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना होगी। उन्होंने सभी साथियों से सहयोग की अपील करते हुए संगठन की एकता बनाए रखने पर जोर दिया।

Uturn Time 24 June 2026_Layout 2 23-06-2026 23:00 Page 6



## निमार्णाधीन प्रोजेक्ट में दूसरी मंजिल से गिरा पेंटर, मौत



जीरकपुर/यूटर्न/23 जून। शहर के एक निमार्णाधीन प्रोजेक्ट में काम के दौरान दूसरी मंजिल से गिरने से 22 वर्षीय पेंटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी नदीम के रूप में हुई है। वह स्टार होम प्रोजेक्ट में पेंट का काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, नदीम दूसरी मंजिल पर पेंट कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों और ठेकेदार ने उसे तुरंत सेक्टर-32 अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद निर्माण स्थलों पर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मजदूरों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर जरूरी सुरक्षा इंतजामों का पालन नहीं किया जा रहा था। उनका कहना है कि यदि सेफ्टी बेल्ट, सुरक्षा जाल और अन्य उपकरण उपलब्ध होते तो हादसा टल सकता था। पुलिस ने मामले में धारा 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, एक युवा मजदूर की मौत ने निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मनीमाजरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। मनीमाजरा स्थित श्री शिव खेड़ा मंदिर, इंदिरा कॉलोनी में निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से साकेत हेल्प फाउंडेशन, कालका द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में इंदिरा कॉलोनी, सुभाष नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाई। लोगों ने लंबी कतारों में लगकर इस सुविधा का लाभ उठाया। आयोजकों के अनुसार शिविर में आधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीन की




सहायता से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद लोगों को उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार आयुर्वेदिक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। साकेत हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार और प्रमोद कुमार ने शिविर में मौजूद रहकर लोगों की जांच प्रक्रिया में सहयोग किया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन सुभाष धीमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय तथा मनीमाजरा एमओएच विंग के इंचार्ज देवेंद्र कुमार रोहिला भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और इस पहल की सराहना की। राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच से कई बीमारियों की पहचान और रोकथाम संभव हो सकती है। उन्होंने समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए साकेत हेल्प फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा की। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य जांच व्यवस्था और सेवा कार्य की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को जनहित में उपयोगी बताया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

क्या पति या पत्नी अपने बच्चे को दूसरे शहर या विदेश ले जा सकते हैं? तलाक, अलगाव या Child Custody के मामलों में यह प्रश्न अक्सर सामने आता है कि क्या एक अभिभावक (स्त्रं१ील्ल३) बच्चे को दूसरे शहर या विदेश ले जा सकता है।


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

यदि माता-पिता के बीच कोई विवाद नहीं है और दोनों सहमत हैं, तो सामान्यतः ऐसी कोई कानूनी समस्या नहीं होती। लेकिन विवाद की स्थिति में मामला जटिल हो सकता है।

यदि Child Custody का मामला अदालत में लंबित है या अदालत ने Custody एवं Visitation Rights के संबंध में आदेश पारित कर रखा है, तो बच्चे को दूसरे शहर या विदेश ले जाने से पहले अदालत की अनुमति आवश्यक हो सकती है।

अदालत हमेशा यह देखती है कि प्रस्तावित स्थानांतरण (relocation) बच्चे के हित में है या नहीं। इसमें बच्चे की शिक्षा, स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण, दूसरे अभिभावक से संपर्क और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखा जाता है। यदि एक अभिभावक बच्चे को बिना जानकारी या अनुमति के दूर ले जाता है, तो इससे Custody Dispute और अधिक गंभीर हो सकता है।

विशेष रूप से विदेश ले जाने के मामलों में अदालत यह भी देखती है कि कहीं बच्चे को दूसरे अभिभावक से स्थायी रूप से दूर करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा। कई लोग यह मान लेते हैं कि Custody मिलने के बाद उन्हें बच्चे के संबंध में पूर्ण और असीमित अधिकार मिल जाते हैं, जबकि अदालत के आदेश और बच्चे के हित हमेशा सर्वोपरि रहते हैं।

निष्कर्ष: बच्चे को दूसरे शहर या विदेश ले जाने का निर्णय केवल माता-पिता की इच्छा पर नहीं, बल्कि बच्चे के सर्वोत्तम हित पर निर्भर करता है। विवाद की स्थिति में अदालत की अनुमति और आदेशों का पालन करना आवश्यक है।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

### कब खत्म होगी यह लापरवाही?

आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से से आगजनी की घटनाओं की खबरें सामने आती रहती हैं। इन हादसों में कई निर्दोष लोग अपनी जान गंवा देते हैं और अनेक परिवार हमेशा के लिए बिखर जाते हैं। दुख की बात यह है कि हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ समय तक चर्चा होती है, जांच के आदेश दिए जाते हैं और मुआवजे की घोषणा कर दी जाती है, लेकिन समय बीतने के साथ सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। जिस परिवार का कोई अपना इस दुनिया से चला जाता है, क्या वह सरकार की आर्थिक सहायता से वापस मिल सकता है? निश्चित रूप से नहीं। पैसों से केवल कुछ जरूरतें पूरी हो सकती हैं, लेकिन किसी प्रियजन की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। इसलिए केवल मुआवजा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय, नियमित जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। जब तक प्रशासन, संस्थाएं और आम नागरिक सुरक्षा नियमों के प्रति गंभीर नहीं होंगे, तब तक ऐसी दुखद घटनाएं होती रहेंगी। अब समय आ गया है कि लापरवाही पर रोक लगे, ताकि किसी और परिवार को अपने प्रियजनों को खोने का दर्द न सहना पड़े।

# क्योटो में गीता महोत्सव का भव्य समापन: शांति और भाईचारे का वैश्विक संदेश

क्योटो (जापान)/यूटर्न/23 जून। जापान के क्योटो शहर में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का जापान संस्करण भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में भगवद गीता के शाश्वत संदेश—शांति, भाईचारा और निष्काम कर्म—को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के तहत टोक्यो विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सेमिनार और एदोगावा में गीता सद्भावना यात्रा आयोजित हुई, जिसमें भारतीय और जापानी समुदायों की बड़ी भागीदारी रही। ओसाका प्रांत विधानसभा में प्रतिनिधिमंडल ने गीता भेंट की और भारत-जापान सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की।




क्योटो में पारंपरिक काबुकी शैली में गीता का जापानी मंचन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो संदेश में इस आयोजन को भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने वाला बताया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता पूरी मानवता के लिए जीवन जीने की मार्गदर्शिका है, जबकि विशेषज्ञों ने इसे आधुनिक समय की वैश्विक चुनौतियों का समाधान बताया। यह आयोजन भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को नई ऊंचाई देकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# वीआईपी रोड पर पुलिस पोस्ट बनाने की मांग, एएसपी को सौंपा ज्ञापन

जीरकपुर/यूटर्न/23 जून। काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता एडवोकेट वासु रंजन ने वीआईपी रोड क्षेत्र में पुलिस पोस्ट स्थापित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने एएसपी गजलप्रीत कौर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।



वासु रंजन ने कहा कि वीआईपी रोड ट्राईसिटी के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में शामिल है। यहां रिहायशी सोसायटियों, बाजारों और संस्थानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही के कारण सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस पोस्ट बनने से अपराधों पर अंकुश लगेगा, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा आपात स्थिति में पुलिस मदद तुरंत मिल सकेगी। एएसपी गजलप्रीत कौर ने आश्वासन दिया कि इस मांग को गंभीरता से देखा जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

वासु रंजन ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग है। पुलिस पोस्ट बनने से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

Uturn Time 24 June 2026_Layout 2 23-06-2026 23:00 Page 7



# ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर नवविवाहित दंपती ने सुसाइड किया, 4 महीने पहले हुई थी लव मैरिज, भाभी पर पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। लुधियाना के खन्ना के गांव बूथगढ़ में नवविवाहित दंपती ने जहरीला पदार्थ निगल कर सुसाइड कर लिया। दंपति की पहचान गांव बूथगढ़ के 31 वर्षीय गुरकरमदीप सिंह और 23 वर्षीय जैसमीन नागरा के रूप में हुई है। परिवार ने भाभी पर ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। खन्ना के गांव बूथगढ़ का रहने वाला 31 वर्षीय गुरकरमदीप सिंह पेशे से आर्किटेक्ट था। उसने करीब चार महीने पहले 23 वर्षीय जैसमीन नागरा से लव मैरिज की थी। आरोप है कि लगातार दबाव और तनाव के कारण गुरकरमदीप ने यह कदम उठाया। पति की मौत की खबर मिलने के बाद पत्नी भी सदमे में आ गई और उसने भी जहर खा लिया। दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की मां सिंदरपाल कौर के अनुसार गांव



की नवजोत कौर उर्फ दीप, जो रिश्तेदारी में गुरकरमदीप की भाभी लगती है, शादी के बाद भी उनसे संपर्क में थी। नवजोत कौर पैसे मांगकर गुरकरमदीप को ब्लैकमेल कर रही थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। गुरकरमदीप पिछले कुछ समय से तनाव में थे। जिसके चलते रविवार की रात शाम उसने घर में रखी जहरीली दवा निगल ली। उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पति की मौत के बाद पत्नी ने खाया जहर

पति की मौत की खबर सुनकर जैसमीन टूट गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह लगातार रो रही थी। कुछ समय बाद उसने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे सोमवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक की मां के बयान के आधार पर नवजोत कौर उर्फ दीप के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

# आपको मिलने वाले दूध में है कितना पानी डेयरी डेवलपमेंट विभाग से करवा सकते हैं जांच

सहगल

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। डेयरी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट अपने बीजा स्थित कार्यालय में दूध की क्वालिटी टेस्टिंग के लिए सैंपल टेस्टिंग की सुविधा दे रहा है। जानकारी देते हुए, डिप्टी डायरेक्टर, डेयरी डेवलपमेंट सुरिंदर सिंह ने बताया कि दूध कंज्यूमर्स को शुद्ध और क्वालिटी वाला दूध देने के मकसद से दूध की क्वालिटी टेस्टिंग कैंपेन को और असरदार बनाया जा रहा है। उन्होंने लुधियाना जिले के दूध प्रोड्यूसर, डेयरी किसान, दूध बेचने वाले और कंज्यूमर से अपील की और कहा कि वे अपने दूध के सैंपल टेस्ट करवाने के लिए डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट, बीजा स्थित कार्यालय में किसी भी कार्यकारी दिवस पर सुबह 9:00 से 11:00 बजे के बीच आकर दूध की जांच करवा सकते हैं उपरोक्त



जानकारी देते हुए डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट सुरिंदर सिंह ने कहा कि इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए लोग आगे आए ताकि शुद्ध दूध कैंपेन को सफल बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है 01628-299322,96530-31054,70872-85385,99889-50501,98760-16073

# लुधियाना की भाविका गुप्ता बनीं टॉपरः पुनर्मूल्यांकन के बाद 500 में से 499 अंक हासिल कर रचा इतिहास

लुधियाना/यूटर्न/23 जून। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर की छात्रा भाविका गुप्ता ने सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन के बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 499 अंक (99.8%) हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ वह राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट छात्रों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। कक्षा 12वीं (फूड प्रोडक्शन) की छात्रा भाविका ने अंग्रेजी, टूरिज्म, फूड प्रोडक्शन और पेंटिंग जैसे विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। उनकी यह सफलता उनकी मेहनत, निरंतरता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। स्कूल की प्राचार्य डॉ. अनुजा कौशल ने



भाविका और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाविका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों ने भी भाविका को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि ने न सिर्फ बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल बल्कि पूरे लुधियाना शहर को गौरवान्वित किया है। यह साबित करता है कि पुनर्मूल्यांकन ने परिणाम नहीं बदला, बल्कि असली प्रतिभा को और अधिक उजागर किया है।

*लुधियाना की भाविका गुप्ता बनीं टॉपर : पुनर्मूल्यांकन के बाद 500 में से 499 अंक हासिल कर रचा इतिहास*

*लुधियाना : बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर की छात्रा भाविका गुप्ता ने सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन के बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 499 अंक (99.8%) हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ वह राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट छात्रों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। कक्षा 12वीं (फूड प्रोडक्शन) की छात्रा भाविका ने अंग्रेजी, टूरिज्म, फूड प्रोडक्शन और पेंटिंग जैसे विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। उनकी यह सफलता उनकी मेहनत, निरंतरता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। स्कूल की प्राचार्य डॉ. अनुजा कौशल ने भाविका और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाविका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।*

# चलती आई20 को लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



लुधियाना/यूटर्न/23 जून। लुधियाना में आत्म नगर फ्लाईओवर पर आई 20 कार को अचानक आग लग गई। आग लगी देख चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। पूरी कार धू-धू कर जल उठी। घटना के बाद सड़कों पर अफरातफरी का माहौल बन गया। फ्लाईओवर पर हुए हादसे के शिकार कार मालिक राजेश कुमार ने बताया कि वह अपनी आई20 कार से जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने फ्लाईओवर के पास मोड़ काटा, अचानक गाड़ी बंद होने लगी। राजेश ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को साइड में लगाया। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो कार के अगले हिस्से से भयंकर धुआँ निकल रहा था और देखते ही देखते पूरी कार आग की लपटों से घिर गई।

# हरिपुर हिंदुआं रोड पर दूषित पानी से बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों ने उठाए प्रदूषण नियंत्रण पर सवाल



डेराबस्सी/यूटर्न/23 जून। हरिपुर हिंदुआं रोड पर सड़क पर बह रहे कथित दूषित पानी को लेकर स्थानीय लोगों और उद्योग प्रबंधन के बीच विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र स्थित एक निजी उद्योग इकाई से निकलने वाला बदबूदार पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। वहीं कंपनी प्रबंधन ने आरोपों को खारिज करते हुए इसे सड़क निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने का परिणाम बताया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सड़क पर पानी जमा होने और उससे उठ रही दुर्गंध के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि गर्मी और उमस के मौसम में स्थिति और गंभीर हो गई है। लोगों का आरोप है कि पानी के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि मामले की शिकायत कई बार संबंधित विभागों और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। दूसरी ओर, कंपनी के प्रबंधक मनजीत सिंह ने बताया कि नगर कौंसिल की ओर से सड़क निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण पानी सड़क पर आ गया।

# पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस का जनजागरण अभियान, केंद्र सरकार को घेरा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। बढ़ती बेरोजगारी, पेपर लीक के मामलों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को सेक्टर-36 मार्केट में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी नंबर-2 की ओर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार, अभय चंदेल और मनीष लांबा कुमार के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सेक्टर-36 को कार्यक्रम स्थल के रूप में चुना गया, जहां एमसीएम कॉलेज सहित कई शिक्षण और कोचिंग संस्थान स्थित हैं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आना-जाना रहता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन पर लोकसभा में नेता



प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा में छात्रों को संबोधित करने वाले कार्यक्रम का प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर छात्रों, युवाओं और अभिभावकों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने गए। सभा को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने आरोप लगाया कि देश में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद भी युवाओं को पर्याप्त रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। लक्की ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए वादों पर अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि चंडीगढ़ में भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न सरकारी संस्थानों में स्थायी नौकरियों की जगह ठेका प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे युवाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगी और युवाओं, छात्रों तथा बेरोजगारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा, स्थानीय नागरिक और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण





चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर का औचक दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दौरे के दौरान ट्रांसपोर्ट हाउस में ट्रांसपोर्ट नगर के पदाधिकारियों ने आयुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधान जसबीर सिंह गिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम पुरी, महासचिव राजेंद्र सिंह विर्क, महासचिव बलदीप सिंह 'लक्की' और उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त अमित कुमार ने ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

ट्रांसपोर्टर्स ने नगर निगम द्वारा समय-समय पर किए जा रहे निरीक्षणों और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में तेजी आई है।

ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि नगर निगम आयुक्त और मुख्य अभियंता क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्टर्स की समस्याओं और सुझावों पर निगम प्रशासन तुरंत संज्ञान लेता है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। पवन शर्मा ने कहा कि आयुक्त द्वारा स्वयं ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचकर समस्याओं का जायजा लेना और उनके समाधान के लिए निर्देश देना सराहनीय पहल है।

दौरे के दौरान बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट नगर के सदस्य और व्यापारी भी मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रेरणास्रोत : सौदान सिंह

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर-33 में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्रहित में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था के विरुद्ध उनका संघर्ष भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' और इसी संकल्प के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि दूरदर्शी शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता भी थे। वे देश के सबसे युवा कुलपति बने तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय पद त्यागना स्वीकार किया। वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने राष्ट्रवादी राजनीति की ऐसी नींव रखी, जिसका विस्तार आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में पूरे देश में दिखाई देता है।

भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा पूरे प्रदेश के सभी छह जिलों में कुल 12 पुष्पांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## एमवाई भारत चंडीगढ़ ने यूथ क्लब डेवलपमेंट कैंपेन 2026 की शुरूआत की




चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमवाई भारत चंडीगढ़ ने युवाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने तथा संगठित युवा समूहों के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे चंडीगढ़ में यूथ क्लब डेवलपमेंट कैंपेन 2026 की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत चंडीगढ़ में कार्यरत सभी मौजूदा यूथ क्लबों, महिला मंडलों एवं युवा संगठनों को एमवाई भारत से संबद्ध होकर राष्ट्र निर्माण की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। अभियान के माध्यम से युवाओं को नए यूथ क्लब गठित कर उन्हें एमवाई भारत के साथ पंजीकृत कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के लिए छह स्वयंसेवकों—मोहिनी, कस्तूरी, कार्तिक, पंकज, तनिष तथा वैभव—को चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों में तैनात किया गया है। ये स्वयंसेवक जागरूकता गतिविधियों का संचालन करने के साथ-साथ युवा समूहों को संबद्धता प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगे। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एमवाई भारत चंडीगढ़ के जिला युवा अधिकारी श्री विनय कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत युवा संगठनों को सशक्त बनाना तथा चंडीगढ़ में यूथ क्लबों का एक सशक्त और सक्रिय नेटवर्क तैयार करना है। उन्होंने सभी पात्र यूथ क्लबों, महिला मंडलों एवं युवा संगठनों से एमवाई भारत के साथ संबद्ध होकर विभिन्न युवा विकास एवं राष्ट्र निर्माण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अपने मौजूदा क्लबों को संबद्ध कराने अथवा नया यूथ क्लब स्थापित करने के इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित संपर्क पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं: श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, एमवाई भारत चंडीगढ़, मोबाइल: 9805832503. इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए एमवाई भारत कार्यालय, पीईसी परिसर, सेक्टर-12, चंडीगढ़ भी संपर्क कर सकते हैं।

# पंजाब के प्राइवेट स्कूलों पर आप सरकार की सख्ती, कैबिनेट में ऑर्डिनेंस को मंजूरी, फीस बढ़ाने की लिमिट तय, 5 लाख तक जुर्माना

पंजाब/यूटर्न/23 जून। पंजाब सरकार ने प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने एक ऑर्डिनेंस को मंजूरी दी है, जिसके तहत अब स्कूल सालाना अधिकतम 5% तक ही फीस बढ़ा सकेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 5 लाख रुपए तक जुमार्ना लगाया जा सकेगा और उनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है। सरकार का दावा है कि इस फैसले से राज्य के 32 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों को राहत मिलेगी। अध्यादेश को मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेज दिया गया है। सरकार ने सारे स्कूलों का डॉटा सीज कर दिया है।



## सरकार को यह अध्यादेश लाने की जरूरत क्यों पड़ी ?

पिछले कुछ सालों में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। पेरेंट्स का आरोप था कि कई स्कूल हर साल मनमाने ढंग से फीस बढ़ा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार इस बहाने लोगों से सीधे जुड़ जाएगी। सरकार का कहना है कि पुराने नियमों की कमियों का फायदा उठाकर कई संस्थान जरूरत से ज्यादा फीस वसूल रहे थे। इसी को रोकने के लिए नया अध्यादेश लाया गया है।

## अब स्कूल अधिकतम कितनी फीस बढ़ा सकेंगे ?

नए नियमों के तहत कोई भी गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूल एक साल में 5% से ज्यादा फीस नहीं बढ़ा सकेगा। इससे पहले स्कूलों को 8% तक फीस बढ़ाने की अनुमति थी। लेकिन कई स्कूल ज्यादा फीस भी बढ़ा देते थे। जिसकी शिकायतें प्रशासन तक पहुंचती रहती है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी स्कूल की सालाना फीस 8,200 रुपए है, तो 5% बढ़ोतरी के बाद फीस में 410 रुपए का इजाफा होगा। ऐसे में अगले शैक्षणिक सत्र के लिए कुल फीस 8,610 रुपए हो जाएगी।

# पंजाब में भाजपा का मिशन 'बूथ सशक्तीकरण': राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यकर्ताओं में फूंका जोश

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने पंजाब दौरे के दौरान हलवारा एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ अहम बैठक की। इस दौरान उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को 'बूथ लेवल' तक सक्रिय होने का स्पष्ट मंत्र दिया।

**जिला अध्यक्ष के काम की सराहना...**बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने जगरांव जिला इकाई के कामकाज की समीक्षा की। जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए नबीन ने उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंजाब का आने वाला समय भाजपा का है और आगामी चुनावों में राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है। नबीन ने डॉ. शर्मा को निर्देश दिए कि अब कार्यकताओं में जोश भरने और उन्हें बूथ स्तर तक एकजुट करने की जिम्मेदारी उन्हीं की है।



**हर कार्यकर्ता को मिलेगा सम्मान :** राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शों का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वे और उनकी पूरी टीम पूरी निष्ठा और पक्के इरादे के साथ मिशन मोड में काम करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी में हर एक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा, जिससे संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

**दिग्गज नेताओं की मौजूदगी और कार्यकताओं का उत्साह...**पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने जगरांव दौरे के दौरान कार्यकताओं द्वारा दिए गए जबरदस्त रिस्पॉन्स पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, जगरांव में कार्यकताओं का विशाल काफिला और उनका उत्साह यह साफ संकेत दे रहा है कि पंजाब में भाजपा का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे, जिनमें तरुण चुघ राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव, रवनीत सिंह बिट्टू: केंद्रीय राज्य मंत्री, बिक्रमजीत सिंह साहनी राज्यसभा सदस्य, राघव चड्ढा राज्यसभा सदस्य, केवल सिंह ढिल्लों पंजाब प्रदेश अध्यक्ष, इसके अलावा जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, लखविंदर सिंह सपरा, जगतार बांगर, बाल किशन गर्ग और मनोज गोयल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शुभम शर्मा से मिले जतिंदर गोगी, डेराबस्सी के मुद्दों पर हुई चर्चा

डेराबस्सी/यूटर्न/23 जून। डेराबस्सी के कांग्रेस नेता जतिंदर गोगी ने पंजाब यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शुभम शर्मा से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच डेराबस्सी हलके की राजनीतिक स्थिति, युवाओं से जुड़े मुद्दों और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

जतिंदर गोगी ने कहा कि शुभम शर्मा को युवाओं का भरपूर समर्थन मिला है और उनके नेतृत्व में यूथ कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश स्तर पर युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा तथा जमीनी स्तर पर संगठन को और सशक्त



बनाया जाएगा। मुलाकात के दौरान डेराबस्सी हलके में युवाओं के रोजगार, शिक्षा, खेल सुविधाओं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। गोगी ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को पार्टी मंचों पर प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शुभम शर्मा ने जतिंदर गोगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यूथ कांग्रेस युवाओं को संगठन से जोड़ने और उनके मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए लगातार काम करेगी। उन्होंने डेराबस्सी सहित पूरे पंजाब में संगठन को मजबूत करने का भरोसा जताया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने युवाओं को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ने और आगामी समय में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने पर भी विचार-विमर्श किया।

# कैबिनेट में बिट्टू को बनाए रखना: 2027 के लिए पंजाब में भाजपा की राजनीतिक रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को मंत्रिपरिषद में बनाए रखने का फैसला, भले ही उनका राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो गया हो, महज एक सामान्य प्रशासनिक निर्णय नहीं है। यह साफ संकेत है कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब में BJP की राजनीतिक रणनीति बिट्टू के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन के साथ किए गए व्यवहार से इसकी तुलना साफ तौर पर अलग दिखती है। दोनों नेताओं का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को पूरा हुआ और किसी को भी दोबारा नामांकित नहीं किया गया। फिर भी, जहाँ कुरियन को केंद्रीय मंत्रिपरिषद से हटा दिया गया, वहीं बिट्टू अपने मंत्री पद पर बने हुए हैं। संवैधानिक प्रावधानों के तहत, बिट्टू संसद के किसी भी सदन का सदस्य न होने के बावजूद छह महीने तक मंत्री बने रह सकते हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

नई दिल्ली से संदेश बिल्कुल साफ है: BJP पंजाब में अपने सबसे प्रमुख चेहरों में से एक को दरकिनार करने को तैयार नहीं है।

2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर BJP में शामिल होने के बाद से ही, बिट्टू को राज्य में पार्टी के मुख्य जाट सिख नेता के तौर पर पेश किया गया है। ऐसे राजनीतिक माहौल में जहाँ इझढ को अक्सर शहरी और हिंदू-केंद्रित पार्टी के तौर पर देखा जाता है, बिट्टू जैसे नेता पार्टी के सामाजिक आधार को बढ़ाने के लिए बहुत अहम हैं। पंजाब की राजनीति में पारंपरिक रूप से सिखों और खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों का दबदबा रहा है, इसलिए राज्य में सरकार बनाने की चाहत रखने वाली किसी भी पार्टी के लिए जाट सिख प्रतिनिधित्व जरूरी है। शिरोमणि अकाली दल के साथ लंबे समय से चले आ रहे गठबंधन के टूटने के बाद, BJP राज्य भर में एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर उभरने की कोशिश कर रही है। ऐसे में, बिट्टू जैसे राजनीतिक अनुभव और जमीनी स्तर पर मजबूत नेटवर्क वाले नेता को खोना पार्टी के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

उन्हें केंद्रीय कैबिनेट में बनाए रखने से यह भी सुनिश्चित होता है कि केंद्र में पंजाब की ओर से BJP की एक हाई-प्रोफाइल आवाज बनी रहे। इससे पार्टी को राज्य में प्रतिनिधित्व दिखाने का मौका मिलता है और साथ ही 2027 के चुनावों से पहले बिट्टू राजनीतिक रूप से प्रासंगिक और चर्चा में बने रहते हैं।

साथ ही, सिर्फ.दिखावे से काम नहीं चलेगा। बिट्टू को बनाए रखने से इझढ को राजनीतिक फायदा हो सकता है, लेकिन पंजाब में पार्टी की कामयाबी आखिरकार इस बात पर निर्भर करेगी कि वह ग्रामीण वोटरों से कितनी अच्छी तरह जुड़ पाती है, किसानों की चिंताओं को कितना समझती है, कृषि कानूनों के मामले के बाद नाराज हुए लोगों का भरोसा कितना जीत पाती है और शासन-प्रशासन को लेकर कितना मजबूत नजरिया पेश कर पाती है।

फिलहाल, ऐसा लगता है कि BJP पंजाब में अपने सभी विकल्प खुले रखना चाहती है। बिट्टू को बनाए रखकर पार्टी ने यह संकेत दिया है कि सीमावर्ती राज्य में उसकी लंबी अवधि की रणनीति में उनकी अहम भूमिका है। आने वाले समय में ही पता चलेगा कि इस कदम का फायदा 2027 के चुनावों में मिलता है या यह सिर्फ.एक रणनीतिक चाल बनकर रह जाती है।

# सेवा और सादगी की मिसाल थीं नीना सोनी, असंख्य गणमान्यों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई








लुधियाना/यूटर्न/23 जून। श्री राम शरणम किचलू नगर से जुड़े भाई साहिब नरेश सोनी की धर्मपत्नी और सोनी इंडस्ट्रीज एवं सोनी साइकिल के मालिक अमन सोनी की माता श्रीमती नीना सोनी को मंगलवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। सोमवार को उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनी परिवार, श्री राम शरणम से जुड़े साधकों और शहर के धार्मिक-सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई।

अंतिम संस्कार से पहले उनके पार्थिव शरीर को निवास स्थान पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। यहां सुबह से ही साधकों, सेवकों, रिश्तेदारों और शहरवासियों का पहुंचना शुरू हो गया। हर कोई पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा था और परिवार के साथ संवेदना व्यक्त कर रहा था। अंतिम दर्शनों के दौरान माहौल बेहद भावुक था। कई साधकों की आंखों से आंसू छलक पड़े। लोगों ने कहा कि श्रीमती नीना सोनी सरल स्वभाव, धार्मिक विचारों और सेवा भावना से जुड़ी हुई महिला थीं। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को श्री राम शरणम किचलू नगर ले जाया गया, जहां राम नाम के जाप के बीच संगत ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वातावरण में गूंज रहा राम नाम का जाप हर किसी को भावुक कर रहा था। इसके उपरांत अंतिम यात्रा सिविल लाइन श्मशानघाट के लिए रवाना हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में साधक, श्रद्धालु और गणमान्य लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार से पूर्व ग्रीन पार्क सभा के प्रधान दर्शन डावर सहित शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दोशाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार में श्री राम शरणम श्री राम पार्क, दरेसी, जालंधर और पानीपत सहित कई स्थानों से साधक पहुंचे। पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु, विधायक मदन लाल बग्गा, पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन, जीवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने सोनी परिवार के साथ दुख साझा किया।

# राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष की मौजूदगी में हॉकी चंडीगढ़ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस व स्थापना दिवस



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। हॉकी चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस एवं स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, आईएएस तथा डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईपीएस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत, वंदे मातरम् और खिलाड़ियों के परिचय के साथ हुई। इसके बाद 17 से 23 जून तक आयोजित चंडीगढ़ सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप-2026 के फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पदक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करण गिलहोत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष अनिल वोहरा, महासचिव सिमरदीप कौर, तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान चंडीगढ़ का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करण गिलहोत्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और ओलंपिक मूल्यों—उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान—को समाज में बढ़ावा देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हॉकी चंडीगढ़ लगातार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रतियोगी मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी शहर को हॉकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कार्य करता रहेगा। समारोह में खेल विभाग के अधिकारियों, कोचों, खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग, धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर का औचक दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। दौरे के दौरान ट्रांसपोर्ट हाउस में ट्रांसपोर्ट नगर के पदाधिकारियों ने आयुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधान जसबीर सिंह गिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम पुरी, महासचिव राजेंद्र सिंह विर्क, महासचिव बलदीप सिंह 'लक्की' और उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अमित कुमार ने ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

ट्रांसपोर्टर्स ने नगर निगम द्वारा समय-समय पर किए जा रहे निरीक्षणों और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में तेजी आई है। ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि नगर निगम आयुक्त और मुख्य अभियंता क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्टर्स की समस्याओं और सुझावों पर निगम प्रशासन तुरंत संज्ञान लेता है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। पवन शर्मा ने कहा कि आयुक्त द्वारा स्वयं ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचकर समस्याओं का जायजा लेना और उनके समाधान के लिए निर्देश देना सराहनीय पहल है। दौरे के दौरान बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट नगर के सदस्य और व्यापारी भी मौजूद रहे।

# गर्मी में राहगीरों को राहत: किशनगढ़ चौक पर युवाओं ने लगाया मीठे पानी का लंगर



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। बढ़ती गर्मी के बीच मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ के किशनगढ़ चौक पर युवाओं द्वारा मीठे पानी का लंगर लगाया गया। इस दौरान राहगीरों और आम लोगों को ठंडा मीठा पानी वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई। युवाओं ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है तथा ऐसे सेवा कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

लंगर सेवा में भाजपा नेता निक्कू पांडे, मनीष मान, सैम राजपूत और गोलू यादव सहित अन्य युवा साथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सेवा कार्य में योगदान दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों ने मीठे पानी का लाभ उठाया और युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए उनके सेवा भाव की प्रशंसा की। युवाओं ने भविष्य में भी इसी तरह के जनसेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# जीरकपुर बना नशा तस्करों का ट्रांजिट पॉइंट, 410 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/23 जून। पंजाब में नशे के खिलाफ सख्ती के दावों के बीच जीरकपुर एक बार फिर नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क की गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। बलटाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 410 ग्राम हेरोइन, 2.20 लाख रुपये की कथित ड्रग मनी और नशा तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद होने से संकेत मिले हैं कि इलाके का इस्तेमाल नशे की सप्लाई और वितरण के लिए किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार जीरकपुर पुलिस की टीम नियमित गश्त और नाकाबंदी के दौरान वेलवेट क्लार्क इन होटल के नजदीक वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और वहां से निकलने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली तो उसके बैग से 410 ग्राम हेरोइन, 2.20 लाख रुपये नकद और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी की पहचान अर्शदीप सिंह निवासी श्री मुक्तसर साहिब के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। जांच अधिकारियों का मानना है कि बरामद नकदी नशा कारोबार से अर्जित की गई रकम हो सकती है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक कांटे की बरामदगी से यह भी आशंका जताई जा रही है कि आरोपी नशीले पदार्थ को छोटी-छोटी मात्रा में पैक कर सप्लाई करता था।

पुलिस रिकॉर्ड की जांच में आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी हेरोइन कहां से लाता था और किन इलाकों में इसकी सप्लाई की जाती थी।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ दिनों में जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी यह संकेत देती है कि नशा नेटवर्क अभी भी सक्रिय है और पुलिस के सामने इसे पूरी तरह खत्म करना बड़ी चुनौती बना हुआ है।







### बरामदगी एक नजर में

- 410 ग्राम हेरोइन (चिट्टा)
- 2.20 लाख रुपये की कथित ड्रग मनी
- एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा
- आरोपी: अर्शदीप सिंह, निवासी श्री मुक्तसर साहिब
- स्थान : वेलवेट क्लार्क इन होटल के पास, बलटाना, जीरकपुर
- कार्रवाई: एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, जांच जारी।

# 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत युवक को नशा मुक्ति केंद्र भेजा

## मोहाली पुलिस की पहल, नशे के आदी युवक का शुरू कराया उपचार

डेराबस्सी/यूटर्न/23 जून। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्युद्ध नशों के विरुद्धह् के तहत मोहाली पुलिस ने एक नशे के आदी युवक को उपचार के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करों पर कार्रवाई के साथ-साथ नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को उपचार उपलब्ध कराना भी अभियान का अहम हिस्सा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान एक ऐसे युवक की पहचान की गई जो लंबे समय से नशे की लत से जूझ रहा था। पुलिस टीम ने युवक और उसके परिजनों से संपर्क कर उसे उपचार के लिए प्रेरित किया। इसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर युवक को नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करवाया गया, जहां उसका चिकित्सकीय उपचार और काउंसलिंग शुरू कर दी गई है।



पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। ऐसे में नशे के आदी लोगों को समय पर उपचार और पुनर्वास उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत से परेशान है तो उसकी जानकारी पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि उसे उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

मोहाली पुलिस ने स्पष्ट किया कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत भविष्य में भी नशा पीड़ित लोगों को उपचार और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने के प्रयास जारी रहेंगे। पुलिस का मानना है कि जागरूकता, उपचार और सख्त कानूनी कार्रवाई के समन्वय से ही नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह, फैंस ने की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। ब्लैक शिमरी आउटफिट में उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हल्के मेकअप, खुले बाल और एलीगेंट ज्वेलरी के साथ रकुल का अंदाज बेहद आकर्षक नजर आया। फैंस उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह अक्सर अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती हैं।

# नाकाबंदी के दौरान 1.5 किलो चरस बरामद, यूपी का युवक गिरफ्तार

## लैहली टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी के दौरान 1.5 किलो चरस बरामद

लालड़ू/यूटर्न/23 जून। लालड़ू पुलिस ने अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 1 किलो 500 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के मोहकमपुर गांव निवासी मोहम्मद कैफ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात लैहली टी-प्वाइंट पर चौकी लैहली प्रभारी एसआई गुरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान अंबाला की ओर से एक एक्टिवा सवार युवक आता दिखाई दिया। पुलिस के मुताबिक युवक ने नाकाबंदी देखकर अपने कंधे पर टंगा काला बैग सड़क किनारे खड्डु में फेंक दिया और वापस लालड़ू की ओर भागने का प्रयास किया।

संदेह होने पर पुलिस टीम ने युवक को एक्टिवा समेत काबू कर लिया। इसके बाद खड्डु में फेंके गए बैग को बरामद कर उसकी तलाशी ली गई। बैग में मौजूद काले रंग के ठोस पदार्थ की ड्रग डिटेक्शन किट से जांच की गई, जो चरस निकली। पुलिस ने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन किया तो बरामद चरस का कुल वजन 1 किलो 500 ग्राम पाया गया। आरोपी से चरस रखने संबंधी लाइसेंस अथवा परमिट मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को उसके अधिकारों की जानकारी दी और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई अन्य नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। बरामद चरस को सील कर कब्जे में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था।

# शिरोमणि अकाली दल ने गालिब सर्कल में फूंकी नई जान: नए पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जून। शिरोमणि अकाली दल की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, पार्टी के कोर कमेटी सदस्य, पूर्व विधायक और हल्का इंचार्ज एस.आर. कलेर के नेतृत्व में जगरांव स्थित पार्टी कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 'सर्कल गालिब' के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई।

**नियुक्त किए गए पदाधिकारी:**

पार्टी के आधार को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से निम्नलिखित नियुक्तियां की गई हैं:

- **जयपाल सिंह खैला शेरपुर कलां:** अध्यक्ष, यूथ विंग
- **बेनजीर बीना गालिब कलां:** अध्यक्ष, महिला विंग (इस्त्री विंग)
- **कुलविंदर सिंह अमरगढ़ कलेर:** अध्यक्ष, आईटी विंग
- **रेशम सिंह गालिब खुर्द:** अध्यक्ष, एससी विंग।



## संगठन की मजबूती के लिए संकल्प:

इस अवसर पर एस.आर. कलेर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ₹पार्टी ने आप पर जो विश्वास जताया है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएं। आपका लक्ष्य केवल पार्टी का विस्तार करना नहीं, बल्कि आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच आपसी तालमेल बिठाकर संगठन को जमीनी स्तर पर अभेद्य बनाना है।

इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा सर्कल प्रधान मनदीप सिंह गालिब, दविंदर सिंह खैला शेरपुर कलां, सरबजीत सिंह शेरपुर कलां, गुरदीप सिंह गालिब खुर्द और हरदीप सिंह विक्की गालिब कलां सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस आयोजन ने कार्यकताओं में नया जोश भर दिया है और आने वाले समय में शिरोमणि अकाली दल की स्थानीय राजनीति में सक्रियता बढ़ने के संकेत दिए हैं।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जून। पंजाब में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में नशीली गोलियों की तस्करी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**पहला मामला (थाना सुधार क्षेत्र):** एएसआई कुलवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रूपिंदर सिंह पुत्र मलकीत सिंह और सुखमन सिंह पुत्र बलवीर सिंह, दोनों निवासी गांव हलवारा, थाना सुधार को काबू किया। आरोपियों के पास से 18 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दूसरा मामला (थाना हठूर क्षेत्र):** वहीं दूसरे मामले में, एएसआई मनोहर लाल ने थाना हठूर क्षेत्र में एक विशेष चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ मिंटा पुत्र बलवीर सिंह, जगदीप सिंह उर्फ दीपा पुत्र अजैब सिंह और गुरप्रीत सिंह उर्फ गौरी पुत्र अजैब सिंह, तीनों निवासी गांव रसूलपुर, थाना हठूर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 25 नशीली गोलियां और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक सफेद रंग की स्कूटी भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से इस अवैध धंधे में संलिप्त थे। फिलहाल, दोनों थानों की पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

# दिव्यांगजनों को एसआईआर प्रक्रिया की दी गई जानकारी, आशा किरण में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जून। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को सेक्टर-46 स्थित आशा किरण के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांगजनों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन, उनके देखभालकर्ता तथा संस्थान के कर्मचारी शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन जानकारी बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने एसआईआर प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा मतदाता विवरणों के समय पर सत्यापन और संशोधन की आवश्यकता संबंधी जानकारी साझा की।

श्रवण बाधित प्रतिभागियों की सुविधा के लिए कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा दुभाषिये की व्यवस्था की गई थी, जिससे वे कार्यक्रम की जानकारी को आसानी से समझ सकें और चर्चा में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सूचना पुस्तिकाएं और जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में समावेशी भागीदारी और मतदाता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक, विशेष रूप से दिव्यांगजन, अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें, इसके लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में आशा किरण के प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार यह पहल दिव्यांगजन समुदाय के बीच मतदाता जागरूकता बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# विधानसभा हल्का गढ़शंकर के नवनिर्वाचित प्रधान जशनप्रीत सिंह ,जनरल सेक्रेटरी चेतन ,गढ़शंकर ब्लॉक के नवनिर्वाचित प्रधान अमरीक सिंह लाडी के के सम्मान में पिपलीवाल में समागम



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/23 जून। पंजाब युथ कांग्रेस के गढ़शंकर विधानसभा हल्के के नतीजों में विधानसभा हल्का गढ़शंकर का जशनप्रीत सिंह का प्रधान ,चेतन के जनरल सेक्रेटरी, पंकज कटारिया के वाईस प्रधान, रफीक मुहंमद के सेक्रेटरी और गढ़शंकर ब्लॉक का अमरीक सिंह लाडी के प्रधान बनने पर गांव पिपलीवाल में कांग्रेस के जिला उपप्रधान रविंदर बिंदु भूंबला के घर आयोजित समागम में सभी का सम्मान किया गया और गढ़शंकर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए युथ कांग्रेस के चुने गए ने पदाधिकारियों से आग्रह किया गया। इस दौरान ने चुने गए पदाधिकारियों ने कांग्रेस के बरिष्ठ नेता विजय इंद्र सिंगला, अजायब सिंह बोपाराय, बिंदु भूंबला, कमल कटारिया व तमाम समर्थकों व वोट डालने वालो का आभार प्रकट किया। उन्होनें ने कहा कि हम आपने नेता राहुल गांधी व अन्य बरिष्ठ नेताओं के निर्देशों पर काम करते हुए कांग्रेस को गढ़शंकर में मजबूत करने के लिए काम करेंगे और युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए घर घर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुँचाएगें।

इस दौरान आल इंडिया जट्ट महासभा ,पंजाब के जनरल सेक्रेटरी इंचार्ज अजायब सिंह बोपाराय, कांग्रेस के जिला उपप्रधान रविंदर बिंदु भूंबला व अन्य ने नए चुने गए पदाधिकारियों को वधाई दी और उनसे आग्रह किया कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जुट जाये। विधानसभा चुनाव निकट है पार्टी हाईकमान जिसे भी टिकट देगी हम सभी मिलकर उसे जिताकर गढ़शंकर में एक बार फिर कांग्रेस का कब्जा करवाएंगे। इस दौरान नंबरदार जयराम , पूर्व सरपंच कमलजीत बिट्टू, सुरिंदर पंच, दर्शन जिंदल , गुरमेल जिंदल, सुरेश पूर्व पंच, जोगिन्दर, निंदर, राहुल, जस्सी , बलविंदर बिंदु , जीत राम , दर्शन लाल पंच , डॉ अश्वनी , भजन लाल, मणि नागला, कोकी भूंबला ,विजय , दर्शन भूंबला, टोनी चेची, सुमित जिंदल , धर्मा चेची, पूर्व पांच सोनू , चरणजीत किसाना सहित काफी संख्या में युवा व महिलाएं भी मौजूद थी।

# हरियाणा रोडवेज बस की टक्कर से महिला घायल, चालक पर केस

जीरकपुर/यूटर्न/23 जून। डी-मार्ट के पास सड़क किनारे कैब का इंतजार कर रही महिला को हरियाणा रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहाली सेक्टर-70 निवासी रेखा ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह 15 जून को अपनी रिश्तेदार रिद्धि के साथ खरीदारी करने डी-मार्ट जीरकपुर आई थीं। खरीदारी के बाद दोनों क्लियो होटल के पास सड़क किनारे कैब का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रही हरियाणा रोडवेज बस ने कार को ओवरटेक करते समय उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल महिला को पहले सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चला। पीड़िता का आरोप है कि बस चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। पुलिस जांच में मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत सही पाए जाने के बाद बस चालक बलविंदर कुमार निवासी नारायणगढ़, हरियाणा के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372